**दिनांक 05 मई, 2025 को 04:00 बजे अपराह्न में निदेशक मत्स्य, बिहार पटना की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में मत्स्य प्रशिक्षण एवं प्रसार केन्द्र, मीठापुर, पटना में कैंटीन संचालन के लिए सेवा प्रदाता एजेंसी के चयन हेतु आहुत क्रय समिति की बैठक की कार्यवाही**

**उपस्थिति :—पंजी के अनुसार**

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं निविदाकर्त्ताओं/प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। तत् पश्चात दिनांक 02.02.2025 को तकनीकी समिति की बैठक में असमर्पित दस्तावेज को दिनांक 05.05.2025 के अपराह्न 2:00 बजे तक समर्पित करने का समय सभी निविदाकर्त्ता को दी गई थी, निर्धारित अवधि मे् पॉच निविदाकर्ता में से मात्र तीन निविदाकर्ता द्वारा दस्तावेज समर्पित किया गया जिनकी विवरणी निम्नवत है—

| क्र० | सेवा प्रदाता एजेंसी | असमर्पित दस्तावेजों की विवरणी | समर्पित दस्तावेज | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | M/s PiyushPrasoon Patel Nagar, Patna | केन्द्र/राज्य सरकार के संस्थान में कार्य करने का अनुभव प्रमााण पत्र | दस्तावेज समर्पित नहीं किया गया। | तकनीकी रूप से असफल घोषित। |
| 2 | Animation Security Services Transport nagar, Patna | सभी दस्तावेज समर्पित पाया गया। | | तकनीकी रूप से सफल घोषित। |
| 3 | Health line Exhibition road, Patna | लेवर लाईसेंस प्रमााण पत्र एवं वित्तीय वर्ष 2021—22 का ऑडिट स्टेटमेंट | वित्तीय वर्ष 2021—22 का ऑडिट रिपोर्ट समर्पित किया गया परंतु लेवर लाईसेंस असमर्पित। | तकनीकी रूप से असफल घोषित। |
| 4 | Krishna Hospitality Kankarbagh, Patna | तीन साल का कार्यानुभव प्रमाण पत्र एवं सरकारी संस्थान में कार्य करन का अनुभव प्रमााण पत्र | अमान्य दस्तावेज समर्पित | तकनीकी रूप से असफल घोषित। |
| 5 | Navi Harish Hospitality New Jakkanpur, Patna | लेवर लाईसेंस प्रमााण पत्र अस्पष्ट | स्पष्ट लेवर लाईसेंस समर्पित। | तकनीकी रूप से सफल घोषित। |

निविदाकर्ता मे0 हेल्थ लाईन, पटना द्वारा लेबर लाईसेंस के स्थान पर श्रम संसाधन विभाग (श्रम पत्र) का पत्रांक—881 दिनांक— 08.03.2016 के आलोक में वर्क ऑर्डर निर्गत के पश्चात् लेवर लाईसेंस देने का प्रावधान है, इस संबंध में समिति का निर्णय हुआ कि प्री—बीड़ बैठक में संबंधित निविदाकर्ता द्वारा इस आशय का जिक नहीं किया गया जबकि शेष सभी निविदाकर्ता द्वारा लेवर लाईसेंस समर्पित है। अतः इनका अनुरोध स्वीकार योग्य नहीं है। इस प्रकार तकनीकी बीड में मात्र दो निविदाकर्ता यथा— Animation Security Services,

Transport nagar, Patna एवं Navi Harish Hospitality, New Jakkanpur, Patna को सर्वसम्मति से तकनीकी रूप से सफल घोषित किया गया।

तत्पश्चात् निदेशक मत्स्य की अनुमति से सफल निविदाकर्ता का सील्ड वित्तीय लिफाफा कय समिति के समक्ष खोला गया। वित्तीय बीड में Animation Security Services, Transport nagar, Patna का प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन का सभी कर सहित दर 220.50 (दो सौ बीस रूपये पचास पैसे) मात्र जबकि Navi Harish Hospitality, New Jakkanpur, Patna का सभी कर सहित दर 217.00 (दो सौ सत्रह रूपये) मात्र अंकित पाया गया। वर्णित दोनों वित्तीय बीड में 217.00 (दो सौ सत्रह) रूपये सभी कर सहित न्यूनतम दर होने के कारण सर्वसम्मति से कय समिति द्वारा Navi Harish Hospitality New Jakkanpur, Patna को मत्स्य प्रशिक्षण एवं प्रसार केन्द्र, मीठापुर, पटना में कैंटीन संचालन हेतु सेवाप्रदाता एजेंसी के रूप में चयनित घोषित किया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

सदस्य
सहायक मत्स्य निदेशक
(योजना)

सदस्य
उप मत्स्य निदेशक
पटना परिक्षेत्र, पटना

सदस्य
उद्योग विभाग के प्रतिनिधि

सदस्य
उप मत्स्य निदेशक,
(मुख्यालय)

05/05/2025
सदस्य
अवर सचिव,
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभग

सदस्य
आंतरिक वित्तीय सलाहकार

05/05/2025
सदस्य
संयुक्त मत्स्य निदेशक (मुख्यालय)

05/05/25
सदस्य
संयुक्त मत्स्य निदेशक निदेशक(रा0प0ई0)

अध्यक्ष
निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना।

ज्ञापांक 139 मत्स्य/प्रशि0, मीठापुर, पटना, दिनांक 07.05.25
प्रतिलिपि :-सभी निविदाकर्त्ताओं को सूचनार्थ प्रेषित।

07.5.25
संयुक्त मत्स्य निदेशक
प्रशिक्षण एवं प्रसार
मीठापुर, पटना

ज्ञापांक 139 मत्स्य/प्रशि0, मीठापुर, पटना, दिनांक 07.05.25
प्रतिलिपि :-कय समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

संयुक्त मत्स्य निदेशक
प्रशिक्षण एवं प्रसार
मीठापुर, पटना

ज्ञापांक 139 मत्स्य/प्रशि0, मीठापुर, पटना, दिनांक 07.05.25
प्रतिलिपि :-आई0 टी0 मैनेजर, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

संयुक्त मत्स्य निदेशक
प्रशिक्षण एवं प्रसार
मीठापुर, पटना